आकाशवाणी केन्द्र शिमला
05.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि मंडी जिला मेें भारी वर्षा भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं से प्रभावित क्षेत्रों में सरकार लगातार नजर बनाए हुये हैं और एन.डी.आर.एफ व एस.डी.आर.एफ. की टीमें बचाव अभियान में जुटी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण बेघर हुए लोगों को रहने के लिए राज्य सरकार 5 हजार रुपये मासिक किराया देगी। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के मद्देनजर गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों से बात की। सोशल मीडिया पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए राज्यों में पर्याप्त संख्या में एनडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं और जरूरत पड़ने पर और भी अतिरिक्त बल भेजे जाएंगे। उन्होंने राज्यों के मुख्यमंत्रियों को केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

शुभारंभ

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में राजीव गांधी स्टार्टअप योजना के तहत ई–व्हीकल सेवा का शुभारंभ किया। इसके तहत सरकारी विभागों में ई–टैक्सी की सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी जिससे युवाओं को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ई–व्हीकल खरीदने पर 50 प्रतिशत की सब्सिडी दे रही है।

अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री आज आपदा प्रभावित मंडी जिले के दौरे पर है। उन्होंने आज सराज विधानसभा क्षेत्र के शरण गांव का दौरा कर आपदा प्रभावितों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। आपदा के चलते इस क्षेत्र में लोगों को भारी नुकसान पहुंचा है। अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावितों के साथ खड़ी है और सड़क, बिजली और पेयजल योजनाओं की बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने राहत शिविरों में प्रबंधों का भी जायजा लिया ताकि लोगों की हर संभव मदद की जा सके।

हेलमेट

उपभोक्ता मामले विभाग और भारतीय मानक ब्यूरो–बी.आई.एस. ने देशभर के उपभोक्ताओं से केवल बी.आई.एस.–प्रमाणित हेलमेट का ही उपयोग करने की अपील की है। विभाग ने बी. आई.एस. प्रमाणन के बिना हेलमेट के निर्माण या बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी आह्वान किया है। उपभोक्ता मामले विभाग ने कहा है कि भारतीय मानक ब्यूरो ने पिछले वित्तीय वर्ष में बी.आई.एस. मानक चिन्ह के दुरुपयोग के लिए 30 से अधिक तलाशी और जब्ती अभियान चलाए। विभाग के अनुसार देश में 21 करोड़ से अधिक दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में दोपहर बाद से वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने आज से 9 जुलाई तक राज्य के कई जिलों में भारी वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि 6 व 7 जुलाई को कांगड़ा, सिरमौर और मण्डी जिलों में अधिक बारिश के चलते बादल फटने और भूस्खलन जैसी घटनाएं हो सकती है, ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

*पांच जुलाई से लेकर 9 जुलाई तक पूरे प्रदेश में ही बारिश का दौर जारी होगा पांच जुलाई के जो हमारे डिस्टिक्स हैं कांगडा और मंडी यहाँ पे हैवी टू हेवी रेनफ़ौल पर हो सकती है और जो डिस्टिक्स चम्बा, कुल्लू , शिमला , सिरमौर है यहाँ पे हैवी रेन फ़ौल होने की संभावना है उसके ऊपर यह जो एक्टिविटी है पांच जुलाई की देर रात और 6 जुलाई के अर्ली मॉर्निंग जो स्पेल प्रदेश में विटनेस करेंगे उसके चलते जो हमारे डिस्टिक्स कांगडा, मंडी और सिरमौर है यहाँ पे वैरी हैवी और इक्स्ट्रीम बारिश होने की संभावना है ।*

अपील

मंडी जिले में प्राकृतिक आपदा से जान–माल को अत्यधिक नुकसान हुआ है। जिला के कई क्षेत्रों में बादल फटने व बाढ़ के कारण लोगों के घर, गौशालाएं और निजी सम्पति क्षतिग्रस्त हो गई हैं। उपायुक्त व मंडी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने इस आपदा के लिए समाज के साधन–सम्पन्न लोगों से सहयोग की अपील की है ताकि प्रभावित लोगों के पुनर्वास कार्य की गति को बल मिल सके।

———————————————————————————